मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

# MTT–052

## अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

## (संशोधित) (पी. जी. डी. टी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

### एम.टी.टी.–052 : अनुवाद : प्रक्रिया और प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** (i) *भाग 'क' में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***700*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।*

(ii) *भाग 'ख' में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### भाग—क

**नोट :** *निम्नलिखित में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***700*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।* *20×3=60*

1. अनुवादक के दायित्वों की सोदाहरण चर्चा कीजिए। 20

2. अनुवाद की विभिन्न प्रविधियों की सोदाहरण विवेचना कीजिए। 20



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

3. 'रूपांतरण' के अर्थ और व्याप्ति से संबंधित विभिन्न आयामों का वर्णन कीजिए। 20

4. कोश से आप क्या समझते हैं ? अनुवाद में कोशों की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 20

5. निम्नलिखित पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 10×2=20

(अ) शब्द-शक्तियों की अनुवाद में भूमिका

(ब) भारत में मशीनी अनुवाद का विकास

**भाग—ख**

6. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी वर्णक्रम के अनुसार व्यवस्थित करके लिखिए : 5

(i) longeval

(ii) lithography

(iii) luteous

(iv) linseed

(v) logogrih

(vi) loquacious

(vii) loathsome

(viii) lustrous



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(ix) liminal

(x) liquefacient

7. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **पाँच** का रोमन/देवनागरी में लिप्यंतरण कीजिए : 5

(i) ज्ञानवान

(ii) श्रमिक

(iii) अभिव्यक्तियाँ

(iv) क्षत्रिय

(v) incumbersome

(vi) kneepain

(vii) phthisis

(viii) several

8. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

As the nation gets ready to celebrate its 76th year of Independence, it is time to take stock of the role that environmental movements have played in shaping policies and the practice of development. The movement has three distinct tracks where



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

we can record their mark on history. One, where environmental action has played a role in defining developmental strategy for natural resource management. Two, where action has opposed developmental projects and from this contestation a consensus has emerged in terms of action. Three, where environment movements have pushed changes in policies when it comes to pollution and human health. In the last 75 years, the movements have remained divided on the practice of environmentalism as development and as conservation. In 1973, the country launched 'Project Tiger'–a programme to identify land for sanctuaries for the flagship species based on the western concept of conservation. Similarly, the Chipko movement inspired the country for forest conservation and afforestation. And, in the 1990s, the fight for the right to clean air began in Delhi.



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

9. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

किसी भी राष्ट्र के जीवन में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा आधार–स्तंभ माना जाता है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में मीडिया देशवासियों के हितों का संरक्षक होता है। मीडिया, जनता पर ढाए गए अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाता है। विश्व में घटित होने वाली सभी महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी मीडिया के द्वारा प्राप्त होती है। सामयिक समाचार और सूचनाएँ भी मीडिया के माध्यम से मिल पाती हैं और इस तरह लोगों के ज्ञानवर्धन में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मीडिया विशिष्ट घटनाओं पर टिप्पणियाँ और आँकड़े उपलब्ध कराता है। लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए मीडिया विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएँ–परिचर्चाएँ आयोजित करता है। यह लोकरुचि की विभिन्न आधुनिकतम गतिविधियों से परिचित कराने के साथ–साथ मनोरंजन का साधन भी है और व्यवसाय विकास में सहायक भी। मीडिया, सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बनता है। लेकिन, मीडिया को पक्षपाती नहीं होना चाहिए, उसे अपने स्तर पर निष्पक्ष रुख को अपनाते हुए अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए।



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

10. नीचे दिए गए मूल अंग्रेजी पाठ और उसके हिंदी अनुवाद को सावधानी से पढ़िए और अनूदित पाठ का पुनरीक्षण कीजिए : 10

मूल : The Nobel Foundation on Saturday withdrew its invitation for representatives of Russia, Belarus and Iran to attend the Nobel Prize award ceremonies after the decision that was announced a day earlier 'provoked strong reactions'. Several Swedish lawmakers said on Friday, that they would boycott this year's Nobel Prize award ceremonies in the Swedish capital, Stockholm, after the private foundation that administers the prestigious awards changed its position from a year earlier and invited representatives of the three countries to attend, saying it 'promotes opportunities to convey the important messages of the Nobel Prize to everyone'. Some of the lawmakers cited Russia's war on Ukraine and the crackdown on human rights in Iran as



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

reasons for their boycott. The Foundation said on Saturday it recognized "the strong reactions in Sweden, which completely over-shadowed this message" and therefore, it had decided not to invite the ambassadors of these three countries.

**अनुवाद :** नोबेल आधारशिला ने रूस, बेलारूस और ईरान के प्रतिभागियों को शनिवार को नोबेल पुरस्कार पुरस्कार समारोह में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए अपना आमंत्रण वापिस लिया, वजह एक दिन पहले घोषित किए गए फैसले पर 'कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी'। कई स्वीडिशनियों ने शुक्रवार को समर्थन दिया, वे इस साल के नोबेल पुरस्कार को बाय काट कर देंगे। पुरस्कारों को प्रबंधित करने वाले व्यक्तिगत आधारशिला ने एक साल पहले अपनी स्थिति बदल दी और तीन देशों के प्रतिनिधियों को इसमें भाग लेने के लिए निमंत्रित तो कर दिया पर स्वीडिश राजधानी स्टाकहोल्मस में समारोह में कहा गया कि यह 'नोबेल पुरस्कार के महत्वपूर्ण संदेशों को सभी तक पहुंचाने के



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

अवसरों को बढ़ावा देता है'। कुछ विधि–निर्माण करने वाले व्यक्तियों ने रूस पर यूक्रेन के युद्ध को बहिष्कार का कारण ईरान में ह्यूमन राइट्स पर कार्यवाही करने की वजह बताई। आधारशिला ने शनिवार को कहा कि उसने 'स्वीडन में कड़ी प्रतिक्रियाओं की परीक्षण–पहचान की, जिसने इस संदेश को पूरी तरह से वृद्धि करके दिखाया' और इसलिए, उसने रूस, बेलारूस और ईरान के दूतावासों को निमंत्रित नहीं करने का सुनिश्चयन कर लिया है।

× × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com